आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 26.08.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- चमोली जिले के आपदा प्रभावित थराली क्षेत्र को विशेष राहत और पुनर्वास पैकेज दिया जाएगा।
- उत्तराखंड सरकार ने मातृ और शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए नर्स प्रैक्टिशनर मिडवाइफरी कार्यक्रम को मंजूरी दी।
- प्रदेश के राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों में अब छात्रों को सातवीं से ग्यारहवीं कक्षा तक की रिक्त सीटों पर लेटरल एंट्री के माध्यम से दाखिला मिल सकेगा।
- और, अटल पेंशन योजना के अन्तर्गत पंजीकृत लोगों की संख्या 8 करोड़ 11 लाख पार; पिछले वित्तीय वर्ष में एक करोड़ 17 लाख से अधिक नए लोग जुड़े।

अहम निर्णय

चमोली जिले के आपदा प्रभावित थराली क्षेत्र को उत्तरकाशी के धराली की तर्ज पर विशेष राहत और पुनर्वास पैकेज दिया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री आवास में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में, आपदा प्रबंधन, प्रशासनिक सुधार और स्थानीय स्तर पर सेवा वितरण को प्रभावी बनाने के लिए कई निर्णय लिए गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभावित लोगों को तत्काल सहायता पहुँचाकर पुनर्वास कार्य युद्धस्तर पर शुरू किए जाएँ। उन्होंने जोशीमठ में भी राहत और पुनर्निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए।

श्री धामी ने नवंबर में विधानसभा की रजत जयंती पर दो दिवसीय विशेष सत्र आयोजित करने की घोषणा की, जिसमें राज्य की उपलब्धियों, चुनौतियों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा होगी।

प्रशासनिक सुधार के तहत निर्णय लिया गया कि एसडीएम, तहसीलदार, पुलिस क्षेत्राधिकारी और बीडीओ के कार्यालय एक ही परिसर में स्थापित होंगे, ताकि जनता को सेवाओं तक आसान पहुँच मिल सके। ग्राम सभा स्तर पर सप्ताह में एक दिन पंचायत भवन में पंचायत सचिव, ग्राम विकास अधिकारी, आशा और आँगनबाड़ी कार्यकर्त्री की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इन निर्णयों का तत्काल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और कहा कि जनहित में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मिडवाइफरी कार्यक्रम मंजूरी

उत्तराखंड सरकार ने मातृ और शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए नर्स प्रैक्टिशनर मिडवाइफरी कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया कि यह निर्णय मातृ–नवजात शिशु मृत्यु दर कम करने और सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने की दिशा में अहम कदम होगा।

वर्तमान में राज्य का मातृ मृत्यु अनुपात 104 प्रति एक लाख जीवित जन्म है, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह 88 है। कार्यक्रम से मातृ स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा और मृत्यु दर में कमी लाई जा सकेगी।

पहले चरण में 30 नर्स प्रैक्टिशनर मिडवाइफ का बैच तैयार किया जाएगा। इसके लिए 18 माह का विशेष प्रशिक्षण राज्य मिडवाइफरी प्रशिक्षण संस्थान, देहरादून में संचालित होगा। प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद जीएनएम और बी.एससी. नर्सिंग पृष्ठभूमि वाली मिडवाइफस् को चयनित सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में तैनात किया जाएगा।

ये प्रशिक्षित मिडवाइफस्, संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण और साक्ष्य–आधारित मातृत्व सेवाएं प्रदान करेंगी, जिससे प्रसव सुरक्षित होंगे और माताओं एवं नवजात शिशुओं का स्वास्थ्य बेहतर होगा। यह पहल भारत सरकार की मिडवाइफरी योजना और सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप है।

ऑपरेशन कालनेमि

प्रदेश में ''ऑपरेशन कालनेमि'' अभियान के तहत अब तक चार हजार से अधिक लोगों का सत्यापन किया गया है और 300 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें देहरादून से एक बांग्लादेशी नागरिक भी शामिल है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पहचान छिपाकर ठगी या धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि देवभूमि के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक स्वरूप की रक्षा के लिए यह कार्रवाई जारी रहेगी।

सरकार का कहना है कि यह अभियान कानून व्यवस्था को मजबूत करने और उत्तराखंड की आध्यात्मिक पवित्रता बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कल उत्तरकाशी जिले के आपदाग्रस्त क्षेत्र धराली, हर्षिल और मुखबा का दौरा किया। उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और राहत एवं सुरक्षा कार्यों की स्थिति का जायजा लिया।

मुखबा में राज्यपाल ने जिला प्रशासन, सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ तथा अन्य सुरक्षा एजेंसियों द्वारा चलाए जा रहे राहत और सुरक्षा उपायों की जानकारी ली।

राज्यपाल ने मुखबा में धराली और हर्षिल से आए प्रभावित परिवारों से भेंट कर उन्हें हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार और पूरा प्रशासन उनके साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपदा प्रभावित परिवारों की सहायता और पुनर्वास के लिये ठोस और दीर्घकालिक कार्ययोजना तैयार की जाए, जिससे प्रभावित लोग जल्द सामान्य जीवन में लौट सकें।

आर.जी.एन.वी. लेटरल एंट्री

उत्तराखंड के राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों में अब कक्षा सातवीं से ग्यारहवीं तक की रिक्त सीटों पर पार्श्व प्रवेश यानि लेटरल एंट्री के माध्यम से दाखिला मिलेगा। विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की मंजूरी के बाद इसका शासनादेश जारी कर दिया गया है।

अब तक इन विद्यालयों में केवल कक्षा 6 में ही प्रवेश की व्यवस्था थी, लेकिन उच्च कक्षाओं में सीटें रिक्त रहने के कारण यह निर्णय लिया गया है। पार्श्व प्रवेश परीक्षा, उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद आयोजित करेगी। चयन श्रेष्ठता के आधार पर होगा और रिक्त सीटों के लिए प्रतीक्षा सूची भी तैयार की जाएगी।

प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों का पूर्व कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा। आयु सीमा नई शिक्षा नीति के अनुरूप तय की जाएगी और आरक्षण राज्य सरकार के नियमों के अनुसार लागू रहेगा।

विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि अब उच्च कक्षाओं की सीटें रिक्त नहीं रहेंगी और योग्य छात्रों को इसका लाभ मिलेगा।

अटल पेंशन योजना

अटल पेंशन योजना के अन्तर्गत पंजीकृत लोगों की संख्या 8 करोड़ 11 लाख को पार कर गई है और वित्तीय वर्ष 2024–25 में एक करोड़ 17 लाख से अधिक नए लोग जुड़े हैं। यह योजना महिलाओं और युवाओं के बीच तेज़ी से लोकप्रिय हो रही है। 2024–25 में कुल नामांकनों में से 55 प्रतिशत महिलाएँ थीं।

पेंशन निधि नियामक और विकास प्राधिकरण ने कल नई दिल्ली में अटल पेंशन योजना वार्षिक सम्मान समारोह का आयोजन किया।

प्राधिकरण के अध्यक्ष एस. रमन ने बैंकिंग जगत के महत्वपूर्ण सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस योजना में एक ही वित्तीय वर्ष में 50 लाख नए लोग जुडे हैं। जो अब तक की सबसे अधिक संख्या है। इनमें से 46 प्रतिशत से अधिक 18 से 25 वर्ष की आयु के युवाओं के हैं।

हेली सेवाएं

पिथौरागढ़ और मुनस्यारी के बीच उड़ान योजना के तहत हेली सेवा 30 सितंबर तक शुरू होने की संभावना है। केंद्र सरकार ने इस रूट के लिए हैरिटेज एविएशन का चयन किया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अनुरोध पर केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू ने पत्र लिखकर यह जानकारी दी। पिथौरागढ़–धारचूला मार्ग पर भी हेली सेवा शुरू करने की तैयारी है, जिसके लिए धारचूला में हेलीपैड के लिए जमीन की आवश्यकता है। इस रूट पर भी हैरिटेज एविएशन को प्रारंभिक सहमति दी गई है। वहीं, पिथौरागढ़–दिल्ली मार्ग पर सेवा संचालन का प्रस्ताव एयरलाइंस से आने पर विचार किया जाएगा। इसके अलावा केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर बताया कि अछनेरा–टनकपुर विशेष रेल सेवा के लिए फिजिबिलिटी अध्ययन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री धामी ने हेली और रेल सेवाओं के विस्तार में सहयोग के लिए दोनों केंद्रीय मंत्रियों का आभार व्यक्त किया है।

वुड कोटिंग्स प्रशिक्षण कार्यक्रम

वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई) देहरादून में वनोपज प्रभाग के वुड वर्किंग एवं फिनिशिंग अनुभाग की ओर से 'वुड कोटिंग्स' पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। यह प्रशिक्षण 29 अगस्त तक चलेगा। कार्यक्रम में 19 प्रतिभागी विभिन्न शैक्षणिक और औद्योगिक संस्थानों से शामिल हुए हैं। प्रशिक्षण में वुड कोटिंग्स के प्रकार, गुण, सतह की तैयारी, अनुप्रयोग और परीक्षण विधियों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही पर्यावरण–हितैषी तकनीक, समस्या निवारण और सुरक्षा उपायों पर भी चर्चा होगी।

प्रतिभागियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के आधार पर व्यवहारिक अभ्यास कराया जाएगा, ताकि वे वुड कोटिंग्स का प्रभावी चयन और अनुप्रयोग कर सकें।

<u>सख्ती</u>

हरिद्वार में सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी निखिल शर्मा ने बताया कि जुलाई महीने में जिले भर में बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाया गया, जिसके तहत कुल 2 हजार 200 चालान किए गए। ओवरलोडिंग के मामलों में भी कड़ी कार्रवाई की गई। रुड़की क्षेत्र में 85 चालान के साथ 52 वाहन सीज किए गए, जबकि हरिद्वार में 80 चालान और 61 वाहन सीज किए गए।

ये जानकारी सड़क सुरक्षा और दुर्घटना न्यूनीकरण अनुश्रवण समिति की बैठक में दी गई, जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी ने की। बैठक में पिछली बैठक के निर्णयों की प्रगति की समीक्षा की गई।